


# साप्ताहिक वन लाइनर्स

8-14 सितंबर 2022





# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

# 8-14 सितंबर 2022

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट दूसरे **सप्ताह** (8-14) **सितंबर 2022** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. RBI के डिप्टी गवर्नर, टी. रवि शंकर ने घोषणा की है कि, सरकार 2022 के अंत तक CBDC लॉन्च करेगी। CBDC का पूरा नाम क्या है ________**सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (Central Bank Digital Currency)।**

   **नोट:**
   - RBI वर्ष 2022 में प्रायोगिक आधार पर डिजिटल करेंसी लॉन्च करेगा।
   - वर्ष 2022-23 के बजट में, वित्त मंत्री ने कहा था कि RBI रुपये के समतुल्य एक डिजिटल मुद्रा जारी करेगा।
   - लाभ: CBDC सीमा-पार लेनदेन हेतु समय तथा लागत को कम करने के लिए एक साधन बन सकता है।
   - डेटा सुरक्षा संबंधी समस्या: वे इस पर लगातार काम कर रहे हैं।
2. किस बैंक ने 7308080808 का उपयोग करके अपने ग्राहकों को चौबीसों घंटे विस्तृत बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए एक नई SMS बैंकिंग सुविधा शुरू की है _______**HDFC बैंक।**

   **नोट:**
   - HDFC बैंक की नई SMS बैंकिंग सुविधा प्राप्त करने के लिए, ग्राहक को पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी।
   - उन्हें "Register" <स्पेस> "ग्राहक आईडी के अंतिम 4 अंक" <स्पेस> "अकाउंट नंबर के अंतिम 4 अंक" अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से 7308080808 पर SMS करने होंगे।
3. RBI ने HDFC बैंक तथा किस संगठन के 'ऑन टैप' (मांग के अनुसार प्राप्य) खुदरा भुगतान एप्लीकेशनों के परीक्षण के लिए नियामक सैंडबॉक्स योजना के अंतर्गत उनका चयन किया है________**प्रेसिजन बायोमेट्रिक इंडिया।**

   **नोट:**
   - इसका तात्पर्य एक नियंत्रित/परीक्षण नियामक परिवेश में नए उत्पादों या सेवाओं के लाइव परीक्षण से है।
   - इसके लिए नियामक परीक्षण के सीमित उद्देश्य हेतु कुछ छूट की अनुमति देते हैं।
   - यह नियामक, अन्वेषकों, वित्तीय सेवा प्रदाताओं तथा ग्राहकों को क्षेत्र परीक्षण करने की अनुमति देता है।
4. यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) ने अगस्त 2022 के महीने में कितना लेनदेन दर्ज किया है, जो पिछले महीने की तुलना में 5% मासिक वृद्धि है_______**657 करोड़।**

   **नोट:**
   - अगस्त में लेन-देन की मात्रा 10.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।
   - जुलाई 2022 में, UPI लेनदेन 600 करोड़ के स्तर को पार कर गया।
   - UPI मात्रा में लगभग 100% वर्ष-दर-वर्ष (YoY) की वृद्धि और लेन-देन की मात्रा में 75% वर्ष-दर-वर्ष (YoY) की वृद्धि हुई।
   - NPCI का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में प्रतिदिन 1 बिलियन लेनदेन संसाधित करना है।

**5.** भारत के विभिन्न स्थानों में बीमा लोकपाल की वर्तमान संख्या है _______**17।**

**नोट:**

- बीमा लोकपाल ने वर्ष 2020-21 में 30,596 की तुलना में वर्ष 2021-22 के दौरान देश भर में बीमा फर्मों के खिलाफ 40,527 शिकायतों का निपटारा किया है।
- स्वास्थ्य बीमा से संबंधित शिकायतें वर्ष 2020-21 में लोकपाल द्वारा निपटाए गए कुल मामलों का एक तिहाई हैं।
- यह बीमा विवादों के निपटान का एक वैकल्पिक तरीका है।
- इसका गठन वित्त मंत्रालय द्वारा 2017 में बनाए गए नियमों के तहत किया गया था।

**6.** किस बैंक ने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए 'इंद्रधनुष बचत खाता' (रेनबो सेविंग अकाउंट) शुरू किया है ______**ESAF स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।**

**नोट:**

- यह बैंक खाता उच्च बचत दर तथा उन्नत डेबिट कार्ड सुविधाओं सहित अनेक सुविधाएं प्रदान करता है।
- वर्ष 2015 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को अपने सभी फॉर्म तथा आवेदन पत्रों में एक अलग कॉलम 'थर्ड जेंडर' शामिल करने का निर्देश दिया था।
- उपेक्षित समुदाय की बचत की आदत समग्र रूप से अर्थव्यवस्था के विकास में भारी योगदान देगी।

**7.** किस बैंक ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) में सहभागी के रूप में हस्ताक्षर किए हैं_______**IDFC फर्स्ट बैंक।**

**नोट:**

- बैंक ने खरीदारों के लिए एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया है, जो उन्हें ONDC नेटवर्क में विक्रेताओं को खोजने में मदद करता है।
- बैंक ने छोटे व्यापारियों, जो उसके चालू खाता ग्राहक हैं, को ONDC के साथ पंजीकृत एक सहभागी ऐप पर जोड़ना शुरू कर दिया है।
- ऐप से छोटे व्यापारियों को ONDC के इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क पर लेनदेन करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

**8.** रिलायंस जनरल इंश्योरेंस और किस बीमा प्लेटफॉर्म ने साथ मिलकर रिलायंस हेल्थ गेन पॉलिसी लॉन्च की है, जो उनके ग्राहकों को आवश्यकतानुसार अपनी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी चुनने तथा उसे अपने अनुकूल बनाने की स्वतंत्रता देती है ______**पॉलिसीबाजार।**

**नोट:**

- उत्पाद को सभी के लिए सुलभ बनाने हेतु उसे डिजिटल वितरण चैनल, पॉलिसीबाजार पर लाइव किया जा रहा है।
- यह पॉलिसी- प्लस, पावर तथा प्राइम में उपलब्ध है।
- यह योजना 2 सदस्यों के छोटे परिवार के साथ-साथ 12 सदस्यों के बड़े परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

**9.** कौन सा बैंक अब ट्रेजरी विभाग के खजाने- II (K2) एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (IFMS) का सहभागी बन गया है______**कर्नाटक बैंक।**

**नोट:**

- कारण: केंद्र प्रायोजित योजनाओं (CSS) के लिए सिंगल नोडल एजेंसी (SNA) खाता प्रणाली को लागू करना।

- बैंक अपने प्रौद्योगिकी तथा डिजिटल समाधानों के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के अपने कई प्रयासों को लागू करने में कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर कार्य करना जारी रखेगा।

**10.** गूगल के क्लाउड कंप्यूटिंग डिवीजन ने किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के साथ मिलकर एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाने के लिए साझेदारी की है जो भारत में बीमा खरीद तथा परिचर्या को डिजिटल बनाने में मदद करेगा ________**HDFC ERGO जनरल इंश्योरेंस।**

**नोट:**

- HDFC ERGO अभिनव बीमा उत्पाद लॉन्च करेगा।
- HDFC ERGO का लक्ष्य 2024 तक पूरी तरह से क्लाउड में स्थानांतरित होना है।
- वर्तमान में, इसकी लगभग 93% खुदरा पॉलिसी डिजिटल रूप से जारी की जाती हैं और इसके लगभग 40% ग्राहक अनुरोधों को वर्चुअली सेवित किया जाता है।

**11.** किस बैंक ने ग्रामीण बैंकिंग सेवा के एक भाग के रूप में गुजरात में 'बैंक ऑन व्हील्स' सेवा की शुरुआत की है_________**HDFC बैंक।**

**नोट:**

- उद्देश्य: ग्रामीण क्षेत्र में बैंक की पहुंच बढ़ाना।
- वर्तमान में, वैन प्रायोगिक परियोजना का एक भाग है और विभिन्न राज्यों में अधिक वैन चलाने की योजना है।
- बैंक ऑन व्हील्स:
- बैंक वैन नजदीकी शाखा से 10 - 25 किमी दूर स्थित सुदूरवर्ती गांवों में जाएगी।

**12.** किस बीमा कंपनी को भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) से प्रत्यक्ष बीमा ब्रोकिंग लाइसेंस प्राप्त हुआ है_________ **लॉर्ड्स मार्क।**

**नोट:**

- बीमा कंपनी को जीवन एवं सामान्य बीमा उत्पाद बेचने का लाइसेंस प्राप्त हुआ है।
- लॉर्ड्स मार्क अपने पॉलिसी किंग प्लेटफॉर्म पर जीवन तथा सामान्य बीमा उत्पादों को लॉन्च करने के लिए अन्य बीमा कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगी।
- पॉलिसी किंग: अपने ग्राहकों को सभी उपलब्ध बीमा ऑफर की तुलना करने की सुविधा प्रदान करता है।

**13.** किस सौर पैनल निर्माता ने सूर्य शक्ति सोलर फाइनेंस योजना के माध्यम से सौर परियोजनाओं हेतु प्रतिभूति रहित वित्तपोषण प्रदान करने के लिए SBI के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं_________ **वारी (WAAREE)।**

**नोट:**

- समझौता EDFS (इलेक्ट्रॉनिक डीलर फाइनेंस स्कीम) के तहत चैनल पार्टनर्स के लिए कार्यशील पूंजी भी प्रदान करता है।
- WAAREE सूर्य शक्ति सौर योजना के माध्यम से 500 करोड़ रुपये से अधिक की क्रेडिट लाइन का लाभ उठाना हेतु अभिप्रेत है।
- WAAREE, ALMM में सूचीबद्ध 650Wp सोलर पैनल प्राप्त करने के लिए भारत में एकमात्र निर्माता है।

**14.** प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण देने के लक्ष्य को हासिल करने में एक्सिस बैंक की सहायता के लिए किस भुगतान प्लेटफॉर्म ने बैंक के साथ साझेदारी की है_________ **पेनियरबाय (PayNearby)।**

**नोट:**

- इस साझेदारी का उपयोग सुदूरवर्ती क्षेत्रों में खुदरा तथा वैयक्तिक दोनों ग्राहकों के लिए चालू तथा बचत खाते खोलने में किया जाएगा।
- भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, 40% निवल बैंक ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र (कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों सहित) को दिया जाना है।

**15.** फॉर्च्यून रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 142 अरबपतियों की संपत्ति का कुल मूल्य क्या है ________ **832 बिलियन डॉलर (66.36 ट्रिलियन रुपये)।**

**नोट:**

- पहली सूची वेल्थ मैनेजमेंट फर्म, वाटरफील्ड एडवाइजर्स के सहयोग से बनाई गई थी।
- फॉर्च्यून तथा वाटरफील्ड ने सूचीबद्ध तथा असूचीबद्ध संपत्ति का विवरण, सूचीबद्ध व्यवसाय के बाहर निवेश संबंधी अतिरिक्त जानकारी जैसे कि अन्य सार्वजनिक कंपनियों में हिस्सेदारी इत्यादि एकत्र की।

**16.** RBI ने इंडस्ट्रियल बैंक ऑफ कोरिया पर नियामक मानदंडों की अवज्ञा के लिए कितना मौद्रिक जुर्माना लगाया ________ **36 लाख रुपये।**

**नोट:**

- कारण: अपने ग्राहक को जानें (KYC) के कुछ मानदंडों की अवज्ञा करना।
- RBI ने क्रिएशन ऑफ ए सेंट्रल रिपॉजिटरी ऑफ लार्ज कॉमन एक्पोजर्स - एक्रॉस बैंक्स' की अवज्ञा के लिए वूरी बैंक पर भी 59.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।
- KYC निर्देशों के उल्लंघन के लिए इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड पर 12.35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

**17.** किस बीमा कंपनी ने 'स्मार्ट फ्लेक्सी प्रोटेक्ट सॉल्यूशन' लॉन्च किया है, जो बाजार लिंक निवेश रिटर्न के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं बेहतर जीवन कवर प्रदान करता है _________ **मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड।**

**नोट:**

- यह मैक्स लाइफ फ्लेक्सी वेल्थ प्लस और मैक्स लाइफ क्रिटिकल इलनेस और डिसएबिलिटी सिक्योर राइडर का संयोजन है।
- यह पॉलिसी मृत्यु, विकलांगता तथा गंभीर बीमारी से व्यापक सुरक्षा के साथ-साथ संपत्ति सृजन का एक अनूठा प्रस्ताव है।

**18.** किस निजी ऋणदाता (बैंक) ने भारत में आर्द्रभूमि संरक्षण तथा ऊर्जा संक्रमण परियोजनाओं जैसे हरित कारणों का समर्थन करने के लिए अगले पांच वर्षों में 125 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है ________ **HSBC।**

**नोट:**

- प्रतिबद्धता के तहत, HSBC ने कार्यों को ऊर्जा संक्रमण तथा प्रकृति-आधारित समाधानों में विभाजित किया है।
- प्रकृति-आधारित समाधान: आर्द्रभूमि, मैंग्रोव तथा वनों के संरक्षण और पुनर्जीवन, भूदृश्य पुनरुद्धार के लिए परियोजनाएं।
- ऊर्जा संक्रमण: नवीकरणीय तथा ऊर्जा दक्षता कार्यक्रम

**19.** नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (NeSL) के साथ साझेदारी में इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी (e-BG) जारी करने वाला भारत का पहला बैंक _________ **HDFC बैंक।**

**नोट:**

- नया e-BG कागज आधारित तथा अधिक समय लेने वाली प्रक्रिया को समाप्त कर देगा।
- इसे अधिक सुरक्षा के साथ तुरंत संसाधित, मुद्रांकित, सत्यापित और वितरित किया जा सकता है।
- ग्राहकों को BG (बैंक गारंटी) जारी करने में तेजी लाने के लिए HDFC बैंक पूरी तरह से eBG प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित होगा।
- NeSL के MD तथा CEO: देबज्योति राय चौधरी

**20.** किस बैंक ने एक संयुक्त ब्रांडेड होम बायर इकोसिस्टम "ओपन डोर" लॉन्च करने के लिए स्क्वायर यार्ड के साथ साझेदारी की है ________ **एक्सिस बैंक।**

**नोट:**

- उद्देश्य: सपनों का घर खोजने तथा खरीदने की पूरी प्रक्रिया ग्राहकों के लिए परेशानी रहित, प्रभावी और आनन्ददायक है।
- यह साझेदारी यह भी सुनिश्चित करती है कि सभी ग्राहकों को आवास ऋण आसानी से मिल सके।
- ओपन डोर्स एक एकीकृत मंच है जो आवासीय स्थावर संपत्ति संबंधी उपभोक्ता के सभी प्रश्नों का प्रबंधन करने के लिए बनाया गया है।

**21.** किस जीवन बीमा कंपनी ने क्लिक2प्रोटेक्ट सुपर (Click2Protect Super) नामक एक टर्म इंश्योरेंस प्लान लॉन्च किया है_________ **HDFC लाइफ।**

**नोट:**

- ऑफर: यह सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुसार ग्राहकीकरण करता है और केवल आपके द्वारा चुने गए लाभों/योजना विकल्पों के लिए भुगतान करता है।
- यह एक नॉन-लिंक्ड, असहभागी, व्यक्तिगत, शुद्ध जोखिम प्रीमियम/बचत जीवन बीमा योजना है।
- यह विभिन्न उपयोग क्षमताएं प्रदान करता है जैसे कि लाइफ कवर बदलना, पॉलिसी अवधि का विस्तार करना, आकस्मिक मृत्यु तथा लाइलाज बीमारी के लिए कवरेज प्राप्त करना आदि।

**22.** किस जीवन बीमा कंपनी ने एक नई जीवन बीमा पॉलिसी 'आईसेलेक्ट गारंटीड फ्यूचर' (iSelect Guaranteed Future) शुरू की है, जो एक व्यक्तिगत, नॉन-लिंक्ड, असहभागी, बचत तथा सुरक्षा योजना है _______ **केनरा HSBC लाइफ इंश्योरेंस।**

**नोट:**

- पॉलिसी कई विकल्पों में आती है:
- आईअचीव और फ्लेक्सी आईअचीव विकल्प: सीमित अवधि के लिए भुगतान करें और परिपक्वता पर गारंटित बीमित राशि प्राप्त करें।
- आईएश्योर और फ्लेक्सी आईएश्योर योजना: सीमित अवधि के लिए भुगतान करें, और परिपक्वता पर गारंटित एकमुश्त राशि प्राप्त करें।
- ईज़ी आईअचीव: एकल प्रीमियम भुगतान अवधि।

**23.** DWS ग्रुप तथा किस संगठन ने यूरोपीय-सूचीबद्ध भारत सरकार बॉन्ड ETF को पोर्टफोलियो प्रबंधन तथा निवेश परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए समझौता किया है_________ **निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट।**

**नोट:**

- निवेशकों की लगातार बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए DWS लगातार अपनी ETF रेंज विकसित कर रहा है।
- इस सहयोग के माध्यम से, ग्राहक आकर्षक भारतीय बॉन्ड बाजार तक पहुंच स्थापित कर सकते हैं।

- निप्पॉन लाइफ इंडिया भारतीय नियत-आय बाजार के बारे में अपनी गहन जानकारी का प्रयोग करती है।

## श्रद्धांजलियां

**1.** प्रसिद्ध कलाकार, राम चंद्र मांझी का निधन हो गया, वह किस लोक नृत्य के लिए जाने जाते थे _________ **लौंडा नाच।**

**नोट:**

- वह एक भारतीय भोजपुरी लोक नर्तक तथा थिएटर कलाकार थे, जिन्हें लौंडा नाच कलाकार के रूप में जाना जाता है।
- उन्हें कला के क्षेत्र में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2017), पद्म श्री (2021) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**2.** इतिहास में विश्व की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली रानी, महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का निधन हो गया, वह किस देश की महारानी थीं _________ **यूनाइटेड किंगडम।**

**नोट:**

- वह 1952 में गद्दी पर बैठी थीं।
- वह 2015 में यूके की सबसे लंबे समय तक कार्य करने वाली महारानी बनीं, जब उन्होंने महारानी विक्टोरिया (1837 से 1901) के रिकॉर्ड को तोड़ा।
- चार्ल्स III (73) यूके के राजा और ऑस्ट्रेलिया, कनाडा तथा न्यूजीलैंड सहित 14 अन्य क्षेत्रों के राष्ट्र प्रमुख बने।

**3.** प्रसिद्ध पुरातत्वविद् ब्रज बासी लाल, जिन्होंने 1970 के दशक के मध्य में राम जन्मभूमि स्थल पर खुदाई का नेतृत्व किया, का निधन हो गया, उन्हें किस वर्ष पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था ________ **2021।**

**नोट:**

- भारत के वरिष्ठतम पुरातत्वविद् में से एक श्री लाल 100 वर्ष की आयु में भी पुरातत्व अनुसंधान और लेखन में सक्रिय रूप से शामिल थे।
- उन्हें 1944 में सर मोर्टिमर व्हीलर ने तक्षशिला में प्रशिक्षित किया, जिसके बाद वे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में शामिल हुए और 1968 से 1972 तक इसके महानिदेशक रहे।

**4.** यू. कृष्णम राजू, जिनका निधन हो गया, किस लिए प्रसिद्ध थे________ **पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं फिल्म अभिनेता।**

**नोट:**

- उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 1966 में चिलुका गोरीनका के साथ एक अभिनेता के रूप में की थी।
- उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए राज्य सरकार द्वारा स्थापित प्रथम नंदी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 1990 में, वह भाजपा में शामिल हुए और काकीनाडा तथा नरसापुरम निर्वाचन क्षेत्रों से 12वीं तथा 13वीं लोकसभा हेतु चुने गए।

**5.** शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती, जिनका मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर में निधन हो गया, किस पीठ के शंकराचार्य थे _________**द्वारकापीठ।**

**नोट:**

- उनका जन्म 1924 में मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के दिघोरी गांव में पोथीराम उपाध्याय के रूप में हुआ था।
- उन्होंने नौ वर्ष की आयु में भगवान की खोज में अपना घर छोड़ दिया था।

➢ स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्हें कैद में रखा गया था।
➢ वे गुजरात में द्वारका शारदा पीठम और बद्रीनाथ में ज्योतिर मठ के शंकराचार्य थे।

6. कमल नारायण सिंह का निधन हो गया है, वह थे________ **भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश।**

**नोट:**

➢ वह 25 नवंबर 1991 से 12 दिसंबर 1991 तक भारत के 22वें मुख्य न्यायाधीश थे।
➢ उन्होंने 1970 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में अपना करियर शुरू किया।
➢ इसके बाद वे अगस्त 1972 में स्थायी न्यायाधीश बने।
➢ 1986 में उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया।

7. जीन-ल्यूक गोडार्ड, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस देश के प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता थे _______ **फ्रांस।**

**नोट:**

➢ वह अपनी पदार्पण फिल्म 'ब्रेथलेस' के लिए जाने जाते थे।
➢ उन्हें फ्रेंच न्यू वेव का जनक और 20वीं सदी के सबसे प्रभावशाली फिल्म निर्माताओं में से एक माना जाता था।
➢ उनकी प्रमुख फिल्में: माई लाइफ टू लिव; कंटेम्प्ट; पियरोट ले फू; ए वूमन इज़ ए वूमन; हिस्टोइरीज़ डु सिनेमा।
➢ उन्हें गोल्डन लायन (1983); गोल्डन बियर (1965) और ऑनरेरी एकेडमी अवॉर्ड (2010) से सम्मानित किया गया था।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. व्यक्तियों तथा समाजों में साक्षरता का महत्व उत्पन्न करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _________ **8 सितंबर।**

**नोट:**

➢ विषय 2022: Transforming Literacy Learning Spaces
➢ 26 अक्टूबर, 1966 को यूनेस्को महासम्मेलन के 14वें सत्र ने 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में घोषित किया।
➢ 1967 के बाद से, यह दिवस दुनिया भर में हर वर्ष मनाया जाता है।

2. दुनिया भर में आत्महत्या निरोध के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व आत्महत्या निरोध दिवस (WSPD) हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _________ **10 सितंबर।**

**नोट:**

➢ इस दिवस का आयोजन विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के समर्थन में इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन (IASP) द्वारा किया जाता है।
➢ विषय 2022: Creating hope through action; यह 2021 से 2023 तक इस दिवस का त्रैवार्षिक विषय है।

3. विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस हर वर्ष सितंबर के किस शनिवार को मनाया जाता है________ **दूसरे शनिवार।**

**नोट:**

➢ इस वर्ष विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस 10 सितंबर को है।
➢ उद्देश्य: लोगों में जागरूकता फैलाना कि कैसे प्राथमिक चिकित्सा प्रतिदिन संकट में फंसे हजारों लोगों की जान बचा सकती है।
➢ विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस 2022 का विषय 'Lifelong Frst Aid'

**4.** सार्वत्रिक दक्षिण में लोगों और देशों के बीच सहयोग के महत्व को विशिष्ट रूप से दर्शान के लिए यूनाइटेड नेशन्स डे फॉर साउथ-साउथ को-ऑपरेशन वार्षिक रूप से किस तारीख को मनाया जाता है_________ **12 सितंबर।**

**नोट:**

- इस दिवस का उद्देश्य दक्षिणी क्षेत्र में किए गए सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक विकास पर जागरूकता भी फैलाना है।

**5.** वनों तथा वन्यजीवों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राष्ट्रीय वन शहीद दिवस किस तारीख को मनाया जाता है __________ **11 सितंबर।**

**नोट:**

- इस दिवस पर बड़े पैमाने पर वनों तथा पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।
- वर्तमान परिदृश्य में इस दिवस का बहुत महत्व है जब अवक्षयित हरित आवरण दुनिया के सामने एक सबसे बड़ी चुनौती है।

**6.** विश्व ईवी दिवस 2022 किस तारीख को मनाया गया _________ **9 सितंबर।**

**नोट:**

- उद्देश्य: ई-मोबिलिटी के महत्व पर जोर देना।
- विश्व ईवी दिवस लोगों में संधारणीय परिवहन सुविधाओं के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद करता है।
- वायु प्रदूषण मुख्यत: परिवहन के कारण होता है, और ईवी वायु प्रदूषण को कम करने का एक प्रमुख विकल्प है।

**7.** इंटरनेशनल डे टू प्रोटेक्ट एजुकेशन फ्रॉम अटैक किस तारीख को मनाया जाता है _________ **9 सितंबर।**

**नोट:**

- दिन का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों में सुरक्षा एवं रक्षा स्थल के रूप में स्कूलों के संरक्षण के महत्व और शिक्षा को सार्वजनिक एजेंडे में सबसे ऊपर रखने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

**8.** देश भर में हिंदी भाषा तथा इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, भारत प्रतिवर्ष किस तारीख को हिंदी दिवस मनाता है ________ **14 सितंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस देवनागरी लिपि में हिंदी भाषा प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले व्यौहार राजेंद्र सिम्हा की जयंती (14 सितंबर, 1916) भी मनाता है।
- 14 सितंबर 1949 को, संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया।
- प्रथम हिंदी दिवस 14 सितंबर, 1953 को मनाया गया था।

## नई नियुक्तियां

**1.** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ऑस्ट्रिया के किस व्यक्ति को अगला संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त नियुक्त किया ________ **वोल्कर टर्क।**

**नोट:**

- नए उच्चायुक्त वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र के कार्यकारी कार्यालय में एक अवर महासचिव के रूप में वैश्विक नीति संबंधी कार्यों का समन्वय कर रहे हैं।
- 2019 से 2021 तक, टर्क ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के कार्यकारी कार्यालय में रणनीतिक समन्वय के लिए सहायक महासचिव के रूप में कार्य किया।

**2.** किन्हें एक आधिकारिक समारोह में ब्रिटेन का नया सम्राट घोषित किया जाएगा जिसके बाद तोपों की सलामी और उद्घोषणा वाचन होगा ________ **किंग चार्ल्स।**

**नोट:**

- चार्ल्स (73) तत्काल अपनी मां के उत्तराधिकारी बने, लेकिन सैकड़ों राजनेताओं, बिशपों तथा वरिष्ठ सिविल सेवकों से बनी एक राज्यारोहण परिषद एक समारोह में उनके उत्तराधिकार की घोषणा करेगी।
- चार्ल्स यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जमैका, न्यूज़ीलैंड एवं पापुआ न्यू गिनी सहित 14 अन्य क्षेत्रों के राजा तथा राष्ट्राध्यक्ष हैं।

**3.** अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प ने किन्हें भारत का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और राष्ट्र प्रबंधक नियुक्त किया ________ **संजय खन्ना।**

**नोट:**

- उत्तरदायित्व: संगठन के उपभोक्ता तथा वाणिज्यिक कार्यों में वृद्धि करना।
- इससे पहले, खन्ना ने वैश्विक वित्तीय संचालन प्रमुख, इंडिया सेंटर वित्त प्रमुख और अमेरिकन एक्सप्रेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (AEIPL) विधिक इकाई बोर्ड के अध्यक्ष सहित कंपनी में कई नेतृत्व पदों पर कार्य किया है।

**4.** केरल विधानसभा ने किन्हें केरल विधानमंडल का 24वां अध्यक्ष (स्पीकर) चुना __________ **ए.एन. शमसीर।**

**नोट:**

- उन्होंने चुनाव में UDF के विधायक अनवर सादात को 56 मतों से हराया।
- UDF उम्मीदवार और अलुवा विधायक अनवर सादात ने LDF उम्मीदवार के मुकाबले 40 मत हासिल किए, जिन्हें 96 मत मिले।
- उपाध्यक्ष चित्तयम गोपाकुमार ने चुनाव प्रक्रियाओं का नेतृत्व किया।

**5.** नायरा एनर्जी ने 3 अक्टूबर 2022 से किन्हें कंपनी का अध्यक्ष नियुक्त किया _________ **प्रसाद के. पनिक्कर।**

**नोट:**

- वह चार्ल्स एंथोनी (टोनी) फाउंटेन की जगह यह भूमिका निभाएंगे, जिन्होंने पांच वर्ष तक कंपनी की सेवा की है।
- अपनी नई भूमिका में, वह अपना तकनीकी अनुभव और स्थानीय भारतीय बाजार का ज्ञान नायरा एनर्जी को आगे बढ़ाने में लगाएंगे।

**6.** केंद्र ने किन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपीलीय न्यायाधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया _________ **मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मुनीश्वरनाथ भंडारी।**

**नोट:**

- न्यायाधिकरण के अध्यक्ष का पद सितंबर 2019 से रिक्त था।
- आदेश वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग द्वारा जारी किया गया था।
- SAFEMA के तहत ट्रिब्यूनल फॉर फॉरफिचर ऑफ प्रॉपर्टी और PMLA अपीलीय न्यायाधिकरण को 2016 में वित्त अधिनियम, 2016 के माध्यम से विलय कर दिया गया था।

**7.** विदेश मंत्रालय ने किस वरिष्ठ राजनयिक को जापान में अगले भारतीय राजदूत के रूप में नियुक्त किया ________ **सिबी जॉर्ज।**

**नोट:**

- वह जापान में भारत के दूत संजय कुमार वर्मा की जगह लेंगे, जिन्हें हाल ही में कनाडा में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है।
- वह 1993 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं और वर्तमान में कुवैत में भारत के राजदूत हैं।
- भारत तथा जापान बहुत मजबूत सामरिक तथा वैश्विक साझेदारी रखते हैं।

**8.** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने किन्हें पांच वर्ष के लिए एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी फॉर हेल्थ (ARPA-H) का प्रथम निदेशक नियुक्त किया ________ **डॉ. रेनी वेग्रज़िन।**

**नोट:**

- ARPA-H का उद्देश्य: जैव चिकित्सा संबंधी समस्याओं के लिए अभिनव समाधान खोजना।
- वह एक जीवविज्ञानी तथा पूर्व सरकारी वैज्ञानिक हैं।
- डॉ. रेनी वेग्रज़िन वर्तमान में जिन्कगो बायोवर्क्स में व्यवसाय विकास की उपाध्यक्ष और कॉन्सेंट्रिक बाय जिन्कगो में अभिनव प्रमुख हैं।

**9.** किस भुगतान प्लेटफॉर्म ने दो स्वतंत्र निदेशक - बी.पी. कानूनगो (RBI के पूर्व डिप्टी गवर्नर) और कौशिक दत्ता (जोमाटो के अध्यक्ष एवं स्वतंत्र निदेशक) नियुक्त किए हैं ________ **भारत पे।**

**नोट:**

- बी.पी. कानूनगो: उन्होंने 2017 से 2021 तक RBI के डिप्टी गवर्नर के रूप में कार्य किया और यहां, वह एक लाभप्रद व्यवसाय के सृजन के उत्तरदायी होंगे।
- कौशिक दत्ता: उन्होंने पहले PwC में नेतृत्व के पदों पर काम किया है।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** 14वें CII ग्लोबल मेडटेक समिट को संबोधित करते हुए, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह ने घोषणा की है कि भारत का हेल्थकेयर सेक्टर किस वर्ष तक 50 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है________**2025।**

**नोट:**

- भारत का लक्ष्य चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 10 से 12% हासिल करना है।
- भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली नवाचार तथा प्रौद्योगिकी पर अधिक केंद्रित हो गई है।
- सरकार आने वाले पांच वर्षों में डिजिटल हेल्थकेयर टूल्स में अपने निवेश को बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

**2.** भारत का लक्ष्य किस वर्ष तक टीबी को खत्म करना है ________ **2025 तक।**

**नोट:**

- राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू ने वर्चुअली दो पहल - प्रधान मंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान और नि-क्षय मित्र पहल शुरू की हैं।
- प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया की उपस्थिति में इस पहल की शुरुआत की गई।

- नि-क्षय मित्र: टीबी के उपचार से गुजर रहे लोगों को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए एक दाता मंच।

**3.** किस कृषि व्यवसाय ने किसानों को उनकी फसल से पहले तथा बाद की कृषि आवश्यकताओं तथा संबद्ध खर्चों की पूर्ति में मदद करने के लिए 'किसान सफलता कार्ड' पेश किया है _______ **एग्रीमार्केट।**

**नोट:**

- किसान इस कार्ड का उपयोग कृषि आदानों की खरीद हेतु वित्तपोषण प्राप्त करने में कर सकते हैं।
- कार्ड की सीमा, वित्तपोषण पैमाना तथा अनुरक्षण लागत प्रत्येक किसान की फसल की उपज से निर्धारित होती है।
- कार्ड की राशि सीमांत किसानों के लिए 10,000 रुपये से 50,000 रुपये तक समायोज्य है।
- कर्ज अदायगी अवधि: 12 माह

**4.** किस मंत्रालय के स्टार्टअप हब ने पूरे भारत में एक्सआर प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को सहायता तथा गति प्रदान करने हेतु एक कार्यक्रम शुरू करने के लिए मेटा के साथ साझेदारी की है ________ **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)।**

**नोट:**

- कार्यक्रम का शुभारंभ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने किया।
- MeitY स्टार्टअप हब एक राष्ट्रीय मंच है जो प्रौद्योगिकी नवाचार, स्टार्ट-अप और बौद्धिक संपदा के सृजन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

**5.** पत्तन, पोत परिवहन तथा जलमार्ग मंत्रालय गुजरात में किस स्थान पर राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का निर्माण कर रहा है________ **लोथल, गुजरात।**

**नोट:**

- लागत: 3500 करोड़ रुपये
- भारत में अपनी तरह का पहला परिसर, यह केंद्र भारत की समृद्ध तथा विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करेगा।
- NMHC परियोजना की आधारशिला प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई थी और मास्टर प्लान के लिए सहमति मार्च 2019 में दी गई थी।

**6.** नीति आयोग तथा किस संगठन ने भारत का पहला नेशनल इलेक्ट्रिक फ्रेट प्लेटफॉर्म- E-FAST इंडिया (इलेक्ट्रिक फ्रेट एक्सेलेरेटर फॉर सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट-इंडिया) लॉन्च किया _________ **वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (WRI)।**

**नोट:**

- नेशनल इलेक्ट्रिक फ्रेट प्लेटफॉर्म वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, CALSTART, तथा RMI इंडिया के समर्थन से विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाता है।
- उद्देश्य: एक प्रायोगिक आधार पर प्रदर्शन और साक्ष्य-आधारित अनुसंधान द्वारा समर्थित मालभाड़ा विद्युतीकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

**7.** नागरिक सेवाओं के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) केंद्र का उद्घाटन किसने किया _________ **भारत के मुख्य न्यायाधीश उदय उमेश ललित।**

**नोट:**

- स्थान: जैसलमेर हाउस

- यह NALSA को प्रदान किया गया और इसका उपयोग देश भर में भविष्यवादी विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए नागरिकों के लिए विधिक सहायता केंद्र, NRI के लिए विधिक सहायता केंद्र, प्रशिक्षण केंद्र और डिजिटल कमांड सेंटर की स्थापना के लिए किया जाएगा।

8. भारत का पहला रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, सवारों के लिए एक ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन (AFC) प्रणाली और QR कोड युक्त टिकट समाविष्ट करेगा, यह किन दो शहरों को जोड़ता है________ **दिल्ली-मेरठ।**

   **नोट:**

   - AFC प्रणाली को खरीदने के लिए, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (NCRTC) ने हाल ही में घोषणा की कि उसने मोदी प्रशासन के "मेक इन इंडिया" मानकों के अनुसार बोलियों का अनुरोध किया है।

9. किस मंत्रालय ने शिक्षक पर्व लॉन्च किया है जिसे शिक्षकों को सम्मानित करने तथा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राजकुमार रंजन सिंह ने शुरू किया __________ **शिक्षा मंत्रालय।**

   **नोट:**

   - शिक्षा मंत्रालय, CBSE, AICTE, और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित एक उद्घाटन संवाद ने शिक्षक पर्व की शुरुआत की।

10. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2022 तक स्वैच्छिक रक्तदान के लिए एक देशव्यापी महा पहल 'रक्तदान अमृत महोत्सव' शुरू करेंगे। 1 अक्टूबर को मनाया गया__________ **राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस।**

    **नोट:**

    - विशेष अभियान आजादी का अमृत महोत्सव का एक भाग है।
    - रक्तदान अमृत महोत्सव के लिए पंजीकरण ई-रक्तकोश पोर्टल और आरोग्य सेतु ऐप पर शुरू कर दिए गए हैं।

11. वित्त मंत्रालय ने उद्यम पूंजी (VC) तथा निजी इक्विटी (PE) निवेशकों के सामने आने वाली समस्याओं की जांच करने के लिए छह सदस्यीय, उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति का नेतृत्व कौन करेगा ________ **सेबी के पूर्व अध्यक्ष, एम. दामोदरन।**

    **नोट:**

    - समिति VC और PE निधि द्वारा निवेश बढ़ाने के लिए कदम बताएगी।
    - सदस्य: जी. महालिंगम (सेबी के पूर्व सदस्य); डी.पी. नागेंद्र कुमार (CBIC के पूर्व सदस्य); आशीष वर्मा (पूर्व प्रधान आयुक्त आयकर) पूनम गुप्ता, और पी.आर. आचार्य।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. कौन सी राज्य सरकार किसानों को आधार संख्या के समान एक अद्वितीय फार्म आईडी प्रदान करेगी ________ **उत्तर प्रदेश।**

   **नोट:**

   - सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए इस विशिष्ट आईडी को आधार से जोड़ा जाएगा।
   - इस पहल की मदद से सरकार उन परिवारों को इस योजना के दायरे में लाएगी जिन्हें अभी तक किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिल रहा है।
   - आधार की मदद से उप्र सरकार ने अधिकांश लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है।

**2.** मेघालय सरकार ने मेघालय रेज़िडेंट सेफ्टी एंड सिक्योरिटी एक्ट (MRSSA) ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया। राज्य के मुख्यमंत्री कौन हैं ________ **कोनराड के. संगमा।**

**नोट:**

- यह सरकार की अन्य सेवाओं तथा कार्यक्रमों विशेषकर स्वास्थ्य सेवा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की निगरानी तथा बेहतर कार्यान्वयन के लिए लाभप्रद होगा।
- डिजिटलीकरण प्रक्रिया से राज्य के 6,000 से अधिक गांवों को ऑनलाइन प्रणाली से जोड़ा जाएगा।

**3.** कौन सी राज्य सरकार यूनिसेफ के सहयोग से राज्य में बाल विवाह तथा किशोरी गर्भावस्था को रोकने हेतु बाल-मैत्री संघ बनाएगी, जिसमें SHG सदस्य भी शामिल होंगे _________ **पश्चिम बंगाल।**

**नोट:**

- इन दो संत्रास को रोकने के लिए, राज्य सरकार और यूनिसेफ ने राज्य के सभी 23 जिलों के 87 ब्लॉकों में अगले छह महीनों में 110 बाल-मैत्री संघ बनाने की प्रारंभिक योजना बनाई है।
- NFHS की एक रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह तथा किशोरी गर्भावस्था के मामलों में पश्चिम बंगाल शीर्ष पर है।

**4.** गांधीनगर, गुजरात में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य की पहली सिनेमाई पर्यटन नीति का अनावरण किसने किया __________ **गुजरात के मुख्यमंत्री, भूपेंद्र पटेल।**

**नोट:**

- अनावरण के दौरान सरकार ने फिल्म अवसंरचना विकास एवं फिल्म निर्माण विभाग सहित संगठनों और व्यक्तियों के साथ 1,020 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- यह नीति फिल्म अवसंरचना विकास परियोजनाओं तथा फिल्म निर्माण परियोजनाओं के लिए विभिन्न वित्तीय तथा गैर-वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

**5.** बिहार के मुख्यमंत्री, नीतीश कुमार ने किस नदी पर भारत के सबसे लंबे रबर बांध 'गयाजी बांध' का उद्घाटन किया__________ **गया में फाल्गु नदी।**

**नोट:**

- यह बांध 324 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया गया है। इस परियोजना में IIT (रुड़की) के विशेषज्ञ शामिल थे।
- तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए बांध में वर्ष भर पर्याप्त पानी रहेगा।
- यहां पिंडदान करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विष्णुपद घाट के पास फाल्गु नदी में वर्ष भर कम से कम दो फीट पानी उपलब्ध रहेगा।

**6.** किस राज्य सरकार ने ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों को 100 दिनों का रोजगार प्रदान करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की _________ **राजस्थान।**

**नोट:**

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राज्य के इस वर्ष के बजट में प्रस्तावित इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना के लिए 2.25 लाख से अधिक परिवार पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं।

**7.** सितंबर 2022 तक छत्तीसगढ़ में जिलों की कुल संख्या _________ **33।**

**नोट:**

- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के 32वें और 33वें जिलों का उद्घाटन किया।
- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और शक्ति को छत्तीसगढ़ का 32वां और 33वां जिला घोषित किया गया।

- शक्ति, जांजगीर-चंपा से अलग हुआ है, और मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया जिले से अलग हुआ है।

**8.** वेदांता और फॉक्सकॉन ने किस राज्य में सेमीकंडक्टर तथा डिस्प्ले निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_________ **गुजरात।**

**नोट:**

- लाभ: सहायक उद्योगों के लिए एक विशाल पारिस्थितिकी तंत्र बनाना और MSME की मदद करना
- कुल निवेश: 1.54 लाख करोड़ रुपये
- डिस्प्ले फैब यूनिट: यह यूनिट 94,500 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होगी।
- इंटीग्रेटेड सेमीकंडक्टर फैब यूनिट और OSAT (आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) केंद्र 60,000 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होंगे।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** किस देश की संसद ने 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 43% तक कम करने और इसे 2050 तक शून्य पर लाने के लिए सरकारी कानून पारित किया है _________ **ऑस्ट्रेलिया।**

**नोट:**

- कानून को आधिकारिक विधि बनने से पहले शाही सम्मति की आवश्यकता होती है।
- इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, स्वच्छ ऊर्जा एवं अवसंरचना वित्तपोषण एजेंसियों जैसे सरकारी निकायों को अपने निर्णयों में उत्सर्जन लक्ष्यों का ध्यान रखना होगा।
- ऑस्ट्रेलिया के जलवायु परिवर्तन एवं ऊर्जा मंत्री: क्रिस बोवेन

**2.** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 मानव विकास सूचकांक में 191 देशों और राज्यक्षेत्रों के बीच भारत की रैंक________ **132वीं।**

**नोट:**

- 2020 की रिपोर्ट में भारत 189 देशों के बीच 131वें स्थान पर था।
- निष्कर्ष: आंकड़े बताते हैं कि जीवन प्रत्याशा में कमी के कारण देश के प्रदर्शन में गिरावट आई है।
- शीर्ष पांच: स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड, हांगकांग, ऑस्ट्रेलिया
- अंतिम चार: मध्य अफ्रीकी गणराज्य (188), नाइजर (189), चाड (190), दक्षिण सूडान (191)

**3.** अमेरिकी दूतावास के अनुसार, अमेरिका ने 2022 में किस देश को रिकॉर्ड 82,000 छात्र वीजा जारी किए हैं जो कि किसी भी देश की तुलना में सर्वाधिक है_________ **भारत।**

**नोट:**

- यह भारत में अमेरिकी मिशन द्वारा भारतीय छात्रों को अब तक दिए गए वीजा में सर्वाधिक हैं।
- 2021 में ओपन डोर्स रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020-2021 शैक्षणिक वर्ष में भारत से 167,582 छात्र थे।
- अमेरिका में पढ़ने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से लगभग 20% भारतीय छात्र हैं।

**4.** मंगोलिया का दौरा करने वाले पहले भारतीय रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह को मंगोलिया के राष्ट्रपति उखनागिन खुरेलसुख ने एक राजसी घोड़ा उपहार में दिया गया था। घोड़े का नाम है__________**तेजस।**

**नोट:**

- सात वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस देश के प्रमुख से ऐसा ही उपहार मिला था।
- 2015 में, प्रधान मंत्री मोदी को इस देश की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के दौरान अपने तत्कालीन मंगोलियाई समकक्ष चिमेद सैखानबिलेग से विशेष उपहार में एक भूरे रंग का घुड़दौड़ का घोड़ा प्राप्त हुआ था।

- घोड़े का नाम कंथक रखा गया था।

5. यूके के नए गृह सचिव कौन हैं _________ **सुएला ब्रेवरमैन।**

**नोट:**

- सुएला ब्रेवरमैन ने भारतीय मूल की प्रीति पटेल की जगह ली।
- दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में फ़ारेहम से कंज़र्वेटिव पार्टी की सदस्य सुएला ब्रेवरमैन ने पहले अटॉर्नी जनरल के रूप में बोरिस जॉनसन प्रशासन के लिए काम किया था।

6. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 15 और 16 सितंबर को आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए किस देश की यात्रा पर जाएंगे __________ **समरकंद (उज्बेकिस्तान)।**

**नोट:**

- जून 2019 में किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित SCO शिखर सम्मेलन के बाद यह पहला व्यक्तिगत शिखर सम्मेलन होगा।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. कौन से तीन शहर यूनेस्को के ग्लोबल नेटवर्क ऑफ लर्निंग सिटीज (GNLC) में शामिल हुए _________ **वारंगल (तेलंगाना), त्रिशूर (केरल) और नीलांबुर (केरल)।**

**नोट:**

- कारण: स्थानीय स्तर पर सभी के लिए आजीवन अधिगम को एक वास्तविक रूप देने का उत्कृष्ट प्रयास करना।
- ये तीन शहर वैश्विक निकाय के इस नेटवर्क में शामिल 44 देशों के 77 शहरों में से हैं।
- 77 नए सदस्यों के शामिल होने से शहरों की कुल संख्या 294 (76 देशों में) हो गई है।

2. सिंगापुर की राष्ट्रपति, हलीमाह याकोब ने भारत के किस पूर्व नौसेना प्रमुख को सिंगापुर के प्रतिष्ठित सैन्य पुरस्कार, पिंगट जासा जेमिलंग (टेंटेरा) या सराहनीय सेवा पदक (सैन्य) से सम्मानित किया _________ **सुनील लांबा।**

**नोट:**

- कारण: भारतीय नौसेना और सिंगापुर नौसेना के बीच मजबूत तथा दीर्घकालिक द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ाना।
- यह पुरस्कार सिंगापुर के रक्षा मंत्री, एनजी इंग हेन द्वारा प्रदान किया गया।

3. किस संस्थान को साक्षरता पर सर्वोच्च वैश्विक सम्मान - यूनेस्को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया ________ **कलिंग सामाजिक विज्ञान संस्थान (KISS)।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार 8 सितंबर 2022 को कोटे डी आइवर में यूनेस्को द्वारा आयोजित एक वैश्विक पुरस्कार समारोह में दिया गया।
- KISS यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने वाला भारत का पांचवां प्राप्तकर्ता और ओडिशा का पहला एवं एकमात्र संस्थान है।
- इसकी स्थापना प्रसिद्ध शिक्षाविद् तथा सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सामंत ने की थी।

4. माइक्रोसॉफ्ट थिएटर, एलए, कैलिफोर्निया में मुख्य अभिनेता (पुरुष) के लिए 74वां एमी अवॉर्ड किसने जीता ___________ **ली जंग-जे, स्क्विड गेम (नेटफ्लिक्स) के अभिनेता।**

**नोट:**

- ज़ैंडेया ने यूफोरिया (HBO) में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए ड्रामा सीरीज़ में सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री का 74वां एमी अवॉर्ड जीता।
- सर्वश्रेष्ठ ड्रामा सीरीज़: सक्सेशन (HBO)
- सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी सीरीज़: टेड लासो (ऐप्पल टीवी)
- सर्वश्रेष्ठ लिमिटेड या एंथोलॉजी सीरीज़: द व्हाइट लोटस (HBO)
- ड्रामा सीरीज़ के लिए सर्वश्रेष्ठ लेखन: सक्सेशन - ऑल द बेल्स से (HBO)

5. किस फिल्म ने तेलुगु सिनेमा में सर्वश्रेष्ठ फिल्म की श्रेणी में दसवां SIIMA पुरस्कार जीता ________ **पुष्पा: द राइज़।**

   **नोट:**

   - अल्लू अर्जुन ने 'पुष्पा: द राइज़' (तेलुगु सिनेमा) में अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ मुख्य भूमिका (पुरुष) की श्रेणी में SIIMA पुरस्कार जीता।
   - सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: स्वर्गीय पुनीत राजकुमार को युवारत्ना (कन्नड़)
   - सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: सुकुमार (पुष्पा: द राइज़)
   - सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (आलोचकों की पसंद): नवीन पोलिशेट्टी (जथि रत्नालु)
   - सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: पूजा हेगड़े (मोस्ट एलिजिबल बैचलर)

## खेल समाचार

1. स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी, नीरज चोपड़ा स्विट्जरलैंड में प्रतिष्ठित ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल 2022 में कितनी दूर भाला फेंककर इसे जीतने वाले पहले भारतीय बने________ **88.44 मीटर।**

   **नोट:**

   - जबकि, ओलंपिक रजत पदक विजेता, चेक गणराज्य के जैकब वेडलेज्च 86.94 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दूसरे स्थान पर रहे।
   - जर्मनी के जूलियन वेबर 83.73 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।
   - उन्हें 30,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि और हंगरी में 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वाइल्ड कार्ड से भी सम्मानित किया गया।

2. एशिया कप के 15वें संस्करण में, दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम, UAE में पाकिस्तान को 23 रन से हराकर छठा एशिया कप खिताब किस देश ने जीता ________ **श्रीलंका।**

   **नोट:**

   - श्रीलंका के ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।
   - जबकि भानुका राजपक्षे (श्रीलंकाई) को फाइनल में उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।
   - अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) मुख्यालय: दुबई, UAE; अध्यक्ष: ग्रेग बार्कले

3. एरोन फिंच ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के अंतिम मैच के बाद एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, वह किस टीम के पूर्व कप्तान थे _________ **ऑस्ट्रेलिया।**

   **नोट:**

   - उनके नाम पर 17 शतकों के साथ 5400 से अधिक रन का एक प्रभावशाली रिकॉर्ड है।

- उन्होंने 2013 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) में श्रीलंका के खिलाफ पदार्पण किया और स्कॉटलैंड के खिलाफ 148 रन बनाकर अपना पहला शतक बनाया।

4. स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने किसे हराकर 2022 यूएस ओपन टेनिस में अपना पहला पुरुष एकल खिताब हासिल किया _______ **कैस्पर रूड।**

**नोट:**

- वर्ष 2005 में राफेल नडाल के फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से वह सबसे युवा पुरुष ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं।
- महिला एकल: इगा स्विटेक (पोलैंड)
- पुरुष युगल: राजीव राम (अमेरिका) / जो सैलिसबरी (यूके)
- महिला युगल: बारबोरा क्रेजीकोवा (चेक गणराज्य) / केटरीना सिनियाकोवा (चेक गणराज्य)
- मिश्रित युगल: स्टॉर्म सैंडर्स / जॉन पीयर्स (ऑस्ट्रेलिया)

5. सिक्किम दिसंबर 2022 में किस स्टेडियम में पहली बार रणजी ट्रॉफी मैचों की मेजबानी करेगा ________ **माइनिंग क्रिकेट ग्राउंड (रंगपो के पास)।**

**नोट:**

- राज्य तीन पूर्वोत्तर टीमों अर्थात मिजोरम, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश का स्वागत करेगा।
- यह निर्णय BCCI द्वारा लिया गया जो सिक्किम में क्रिकेट के प्रचार में एक गेम-चेंजर के रूप में कार्य करेगा।
- सिक्किम माइनिंग क्रिकेट ग्राउंड में रणजी ट्रॉफी मैचों के साथ-साथ कूचबिहार ट्रॉफी के दो मैच और तीन कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी मैच भी खेलेगा।

6. फॉर्मूला वन इटैलियन ग्रैंड प्रिक्स 2022 का खिताब किसने हासिल किया _________ **मैक्स वेर्स्टाप्पेन।**

**नोट:**

- फेरारी ड्राइवर, चार्ल्स लेक्लर्क ने ग्रैंड प्रिक्स में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि जॉर्ज रसेल (मर्सिडीज) ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- लुईस हैमिल्टन (सात बार के विश्व चैंपियन) ने भी रेस में भाग लिया और पांचवें स्थान पर रहे, जबकि न्याक डी व्रीज़ अपनी पहली F1 रेस में नौवें स्थान पर रहे।

## पुस्तकें एवं लेखक

1. पुस्तक 'फोर्जिंग मेटल: नृपेंदर राव एंड द पेन्नार स्टोरी' के लेखक _________ **पवन सी. लाल।**

**नोट:**

- इस पुस्तक में वरिष्ठ पत्रकार पवन सी. लाल नृपेंदर राव तथा उनकी उद्यमशीलता के सफर की कहानी बताते हैं।
- एक व्यवसाय जो अपने केंद्रीय मूल में नैतिकता, सामाजिक तथा पर्यावरणीय चिंताओं से बनाया गया है, वास्तव में कैसे लाभदायक तथा संधारणीय हो सकता है, इस पर एक अनूठी कहानी है।
- यह पुस्तक हार्पर बिजनेस द्वारा प्रकाशित की गई थी।

2. पुस्तक "विल पावर" किसने लिखी जिसमें लेखक 2020 टोक्यो ओलंपिक में टीम के अविश्वसनीय बदलाव की कहानी साझा करता है _________ **जोअर्ड मारिन।**

**नोट:**

- पुस्तक हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की जाएगी और 21 सितंबर को विमोचित होगी।

- मारिन को 2017 में महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।
- वह नीदरलैंड के पूर्व-खिलाड़ी हैं, और विश्व कप खिताब के लिए डच अंडर -21 महिला टीम का मार्गदर्शन किया था।

## विज्ञान एवं रक्षा

1. MOXIE फरवरी 2021 से मंगल के कार्बन डाइऑक्साइड युक्त वातावरण से सफलतापूर्वक ऑक्सीजन का उत्पादन कर रहा है। MOXIE का पूरा नाम है________ **मार्स ऑक्सीजन इन-सीटू रिसोर्स यूटिलाइजेशन एक्सपेरीमेंट।**

   **नोट:**
   - MOXIE, एक लंचबॉक्स के आकार का गैजेट है जो मंगल पर श्वसन योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करता है जो एक छोटे वृक्ष द्वारा उत्पन्न ऑक्सीजन के बराबर है।
   - MOXIE को नासा के पर्सीवेरेंस रोवर मिशन के एक भाग के रूप में मंगल की सतह पर उतारा गया था।
   - MOXIE ने प्रत्येक प्रयास में प्रति घंटे 6 ग्राम ऑक्सीजन उत्पन्न करने के अपने उद्देश्य को पूरा किया है।
2. नासा ने आर्टेमिस III के लिए मूनवॉकिंग सिस्टम (स्पेससूट) विकसित करने के लिए किस कंपनी को चुना __________ **एक्सिओम स्पेस।**

   **नोट:**
   - आर्टेमिस 50 वर्ष में पहली बार मनुष्यों को चंद्रमा की सतह पर पुन: ले जाएगा।
   - 228.5 मिलियन डॉलर के आधार मूल्य वाला अनुबंध अगली पीढ़ी के आर्टेमिस स्पेससूट बनाने के लिए एक टास्क आर्डर है।
   - अंतरिक्ष एजेंसी ने अगली पीढ़ी के स्पेससूट हेतु तकनीकी एवं सुरक्षा आवश्यकताओं को परिभाषित करने के लिए अपने 50 वर्षों के स्पेससूट अनुभव का उपयोग किया।
3. IIT-मद्रास और किस विश्वविद्यालय ने दुनिया भर के देशों के समक्ष ऊर्जा चुनौतियों का समाधान करने में मदद करने के लिए एक अनुसंधान समझौता किया _________ **सिडनी विश्वविद्यालय।**

   **नोट:**
   - साझेदारी में प्रत्येक संस्थान चार अनुसंधान परियोजनाओं के लिए संयुक्त वित्त पोषण में प्रति वर्ष AU$50,000 का निवेश करेगा।
   - साझेदारी में दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ ऊर्जा से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान और उन्नत प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।
4. DRDO और किस सशस्त्र बल ने ओडिशा तट के एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर से क्विक रिएक्शन सर्फेस टू एयर मिसाइल (QRSAM) प्रणाली के छह सफल उड़ान परीक्षण किए ________ **भारतीय थलसेना।**

   **नोट:**
   - उद्देश्य: अत्याधुनिक निर्देशन एवं नियंत्रण कलन विधि के साथ हथियार प्रणाली की अचूक सटीकता की जांच करना।
5. थलसेना के खरगा कोर और किस सशस्त्र बल ने सशस्त्र बलों की शक्ति तथा कौशल प्रदर्शन हेतु एक संयुक्त अभ्यास आयोजित किया _________ **भारतीय वायु सेना।**

   **नोट:**
   - "गगन स्ट्राइक" अभ्यास हरियाणा में अंबाला की सीमा से लगे पंजाब के कई इलाकों में चार दिनों तक आयोजित किया गया।

- इन मशीनों के जमीनी परिचालन के साथ संयोजन के शक्ति गुणक प्रभाव ने हमारे सैन्य बलों की युद्ध उत्कृष्टता को बढ़ाया है।

**6.** किस शिपबिल्डर ने प्रोजेक्ट 17A का तीसरा स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' लॉन्च किया _______ **मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL)।**

**नोट:**

- पोत का जलावतरण भार लगभग 3510 टन है।
- डिजाइन निर्माता: ब्यूरो ऑफ़ नेवल डिज़ाइन, भारतीय नौसेना का संस्थानिक डिजाइन
- जहाज 149.02 मीटर लंबा और 17.8 मीटर चौड़ा है, दो गैस टर्बाइनों तथा दो मुख्य डीजल इंजनों के एक CODOG संयोजन द्वारा संचालित है।
- तारागिरी का निर्माण 10 सितंबर 2020 को शुरू हुआ था और जहाज की सुपुर्दगी अगस्त 2025 तक होने की उम्मीद है।

**7.** भारतीय थलसेना ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में कारगिल क्षेत्र की वंचित छात्राओं को शिक्षा का मंच प्रदान करने के लिए किसके साथ समझौता किया _________ **HPCL।**

**नोट:**

- 'कारगिल इग्नाइटेड माइंड्स' मंच महत्वाकांक्षी छात्राओं को प्रशिक्षण तथा मार्गदर्शन प्रदान करता है।
- उद्देश्य: 50 छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न इंजीनियरिंग तथा मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयार करना।
- फोकस: विषम मौसमी हालात में सीमित संसाधनों के साथ रहने वाली वंचित छात्राओं को सशक्त बनाना।

**8.** भारत तथा जापान की नौसेनाएं भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित जापान-भारत समुद्री अभ्यास (JIMEX 22) का छठा संस्करण किस स्थान पर आयोजित कर रही हैं _________**बंगाल की खाड़ी।**

**नोट:**

- उद्देश्य: परिचालन समझ को बढ़ाना।
- जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (JMSDF) ने इस अभ्यास के लिए इज़ुमो (हेलीकॉप्टर कैरियर) और ताकानामी (गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर) को तैनात किया है।
- भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व बहुउद्देश्यीय स्टील्थ फ्रिगेट सहयाद्री तथा पनडुब्बी रोधी युद्धपोत कदमत ने किया।

**--------------0--------------**

BYJU'S EXAM PREP

# Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card



byjusexamprep.com